# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-15.06.2025**

**"आपरेशन क्लीन" अभियान के अन्तर्गत थाना झिंझाना पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम सम्बन्धित मालो का विनिष्टीकरण हेतु थाना झिझाँना व चौकी चौसाना व ऊन के मालखाने में रखी माल मुकदमाती 58 अभियोगो से सम्बन्धित कुल 1000 लीटर कच्ची शराब व 18 पेटी अग्रेजी शराब व 14 पेटी देशी शराब खाम व शराब बनाने के उपकरणो को नष्ट कराये जाने के संबंध मेः-**

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन क्लीन" अभियान के क्रम में माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द चौहान व पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के निर्देशन में जनपद शामली के थाना झिंझाना पर मुकदमों से सम्बन्धित मालखाने में रखी माल मुकदमाती शराब को नष्ट कराये जाने हेतु माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गठित कमेटी द्वारा द्वारा आदेश निर्गत किये गए थे। उक्त क्रम में आज दिनांक 15/6/2025 को संदीप कुमार श्रीवास्तव उप जिला मजिस्ट्रेट ऊन जनपद शामली , श्री अमरदीप कुमार मौर्य क्षेत्राधिकारी कैराना जनपद शामली, श्री मौ0 आसिफ वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी जनपद शामली, श्री मोहम्मद आरिफ जमील जिला आबकारी अधिकारी,श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना झिंझाना जनपद शामली की मौजूदगी मे उक्त मुकदमो (वर्ष 2021 से 2024 तक) से सम्बन्धित मालो की उपस्थिति में 58 अभियोगो से सम्बन्धित ल 1000 लीटर कच्ची शराब व 18 पेटी अग्रेजी शराब व 14 पेटी देशी शराब खाम व शराब बनाने के उपकरणो को नष्ट कराया गया तथा मालो की फोटोग्राफी व वीडियो ग्राफी की गयी।



**<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तितरवाड़ा से ट्रैक्टर ट्रोली चोरी करने की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया हुआ ट्रैक्टर ट्रोली व चोरी की घटना में प्रयुक्त स्कूटी, अवैध हथियार व कारतूस बरामद।</u>**

ज्ञात हो कि दिनांक 13.06.2025 को थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तितरवाड़ा निवासी श्री राजवीर पुत्र चतरु के घर के बाहर खड़े ट्रैक्ट्र ट्राली को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कैराना पर लिखित तहरीर दाखिल की थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली ने उपरोक्त चोरी की घटना का अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कैराना को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, स्नैचिंग की घटना में लिप्त अपरधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तितरवाड़ा से ट्रैक्टर-ट्रोली चोरी करने की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 चोर को चोरी किये हुआ ट्रैक्टर-ट्रोली व घटना में प्रयुक्त स्कूटी, अवैध हथियार व कारतूस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>**

1.इस्तकार पुत्र इस्लाम निवासी मौहल्ला आर्यपुरी थाना कैराना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.चोरी किया हुआ आयशर ट्रैक्टर 333 मय ट्रोली।

2.एक इलैक्ट्रानिक स्कूटी।

3.एक अदद तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 10 लीटर कच्ची शराब बरामदः-**

आज दिनांक 15.06.2025 की को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.करन पुत्र महावीर निवासी ग्राम अहमदगढ़ थाना झिंझाना जिला शामली।

**आपराधिक इतिहासः -**

1.मु0अ0सं0 811/2019 धारा 307/399/402 भादवि थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.मु0अ0सं0 813/2019 धारा 25 आयुध अधिनियम थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.मु0अ0सं0 285/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 10 लीटर कच्ची शराब।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामदः-**

दिनांक 14.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा 02 अलग-अलग स्थानों से 02 अभियुक्तगण को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैरानापर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.नसीम पुत्र जमशेद निवासी ग्राम गोगवान थाना कैराना जनपद शामली।

2.राशिद उर्फ तोहिद पुत्र मीरहसन निवासी मौहल्ला रेत्तेवाला थाना कैराना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध 10 लीटर कच्ची शराब।





**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**